तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 राम मंदिर में श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर बैठक



## खबर संक्षेप

### नजर आया ईद का चांद आज पढ़ी जाएगी नमाज

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के बाद रविवार को ईद का चांद नजर आ गया है। ईद का चांद नजर आने के साथ ही समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। सोमवार को सरगुजा संभाग में ईद की नमाज अता की जाएगी। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि ईद का चांद नजर आने के बाद सोमवार को ईद मनाई जाएगी। इस दौरान शहर के ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 9 बजे पढ़ाई जाएगी। ईदगाह में मौलाना अबरार अहमद मिस्बाही द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुभ 9.30 बजे होगी। जामा मस्जिद में हाफिज असिमुद्दीन नमाज पढाएंगे। इसके साथ ही सद्भावना ग्राम तकिया के मस्जिद में सुबह 8.30 बजे मौलाना मुख्तार नमाज पढाएंगे। ईद की नमाज हेतु अंजुमन कमेटी ईदगाह व मस्जिदों में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। इसके साथ ही शहर के रसूलपुर स्थित नाजमिया मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 9 बजे पढ़ी जाएगी। नाजमिया मस्जिद में मौलाना मो. सगीर अहमद मिस्बाही नमाज पढाएंगे।

### ग्रीष्मकाल में आंबा केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। इस अवधि में केंद्रों का संचालन 6 घंटे की बजाय 4 घंटे ही संचालित रहेंगे। जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अतुल परिहार ने बताया कि ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक पुनः 6 घंटे के लिए संचालित किए जाएंगे। नौनिहालों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में परिवर्तन किए गए हैं।

### वाहन की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम दोहना के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर हुई बाइक सवार महिला की घटना के दो दिन बाद मौत हो गई। इससे पहले ही पति की मौत हो चुकी थी। शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पतराटोली निवासी जीतनी पैकरा पति स्व. हरिशचंद्र पैकरा (46 वर्ष) 26 मार्च को पति व बेटा के साथ किसी काम के सिलसिले में पास के ही गांव गई थी। दोपहर को तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम दोहना के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बेटे को मामूली चोटें आई। परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पति की मौत हो गई। घटना के दो दिन बाद गत दिन पत्नी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मिनी ट्रक पलटने से एक ग्रामीण की मौत, तीन घायल

**अम्बिकापुर।** चंदौरा घाट के समीप गोबर खाद लोड मिनी ट्रक के पलट जाने से सवार एक ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम केवरा चारपारा निवासी संदीप कुमार पैकरा आ. शिव कुमार पैकरा (26 वर्ष) गत दिन मामा नंद केश्वर व अजीत अगरिया के साथ मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीके 1326 के चालक के साथ पार्वतीपुर नर्सरी से गोबर खाद लोड कर ग्राम घुई रमकोला पहुंचाने जा रहे थे। जैसे ही चालक वाहन लेकर चंदौरा घाट के समीप पहुंचा तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में चारों घायल हो गए। घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने संदीप की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नवरात्र के नौ दिन होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

# मंदिरों में प्रज्जवलित हुए अखण्ड दीप, देवी की पूजा करने उमड़ी भीड़





माँ महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



महामाया मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना दीप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिवस सरगुजा की अराधया महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में अखण्ड दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर कलश स्थापित कर विधि-विधान से दुर्गा सप्तशती पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए गए। प्रथम दिवस देवी की पूजा करने महामाया मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

**खास बात**

- राम मंदिर में हुई खड्ग आरती, पूरे दिन चलती रही पूजा

रविवार को नव संवत्सर में देवी मंदिरों में विधि-विधान से नवरात्रि का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। महामाया मंदिर में सुबह होने के पूर्व देवी का दर्शन-पूजन करने श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थी। सुबह आरती उपरांत देवी मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर पूरे दिन देवी की अराधना करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं यातायात को नियंत्रण करने यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। पूजा उपरांत शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। श्रद्धालुओं ने देवी पूजा उपरांत अखण्ड ज्योति के भी दर्शन किए। इसी तरह शहर के समलाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, सांडबार वनदेवी मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा बाड़ी में कलश स्थापित कर अखण्ड दीप प्रज्वलित किए गए। राम मंदिर में सुबह आरती उपरांत नारायण मंडली एवं महिला मंडली ने राम चरित्र मानस का नवधा पाठ प्रारंभ किया। रामायण पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम की महाआरती के बाद राम कथा प्रारंभ किया गया। राम मंदिर में महा आरती के बाद देवी की खड्ग आरती श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

रविवार को तेज धूप निकलने एवं भीषण गर्मी पड़ने के बावजूद देवी मंदिरों में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते हुए पूरे नवरात्र भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महामाया मंदिर में सुबह से लेकर रात्रि 9 बजे तक मंदिर में पूजा की व्यवस्था की गई है। गर्मी से राहत के लिए पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की गई है।

### घरों में स्थापित हुए कलश

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कलश स्थापित देवी की अराधना शुरू की। प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपवास रखा वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरी नवरात्रि उपवास रखकर देवी की अराधना कर रहे है। रविवार को घरों में कलश स्थापित दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया गया। श्रद्धालु नवमी के दिन हवन उपरांत अपना उपवास समाप्त करेंगे।

### गढवतिया देवी धाम में निकाली गई शोभायात्रा

**बिहारपुर।** प्राचीन गढवतिया देवी धाम में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस शोभायात्रा निकाल कर कलश स्थापित किया गया तथा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया गया। रविवार को सुबह धाम के पुजारी सुशील कुमार पाण्डेय एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा धाम से प्रारंभ हुई तथा पैदल भ्रमण करते हुए बेदमी नाला पहुंची। पूजा उपरांत महिलाएं कलश में नाला का जल लेकर वापस धाम पहुंची जहां कलश स्थापित कर धर्मशाला भवन में 121 अखण्ड दीप प्रज्वलित किए गए। पुजारी श्री पाण्डेय ने कलश स्थापना उपरांत दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया। गढ़वतिया पहाड़ी पर बड़ी संख्या में प्राचीन मूर्तियां यग तत्र बिखरी पड़ी है। प्रशासन द्वारा इस प्राचीन प्रतिमाओं के संरक्षण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पहाड़ी स्थित धाम में न तो छाया की कोई व्यवस्था है न ही पानी, बिजली उपलब्ध है। धाम समिति के सदस्य आपसी सहयोग से सुविधाएं विकसित करने की पहल कर रहें है। प्रशासन द्वारा प्रतिमाओं के संरक्षण एवं मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की पहल नहीं करने से क्षेत्रवासी निराश है। सांसद चिंतामणि महाराज की पहल पर हाल ही में एक सोलर हाईमास्ट लगाया गया है। धाम के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था होने के कारण नवरात्रि के दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु धाम पहुंचते है।



### चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्ति भाव से की गई पूजा अर्चना

**करवां।** चैत्र नवरात्र को लेकर करवां सहित आसपास क्षेत्र के मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गई। ग्राम पंचायत करवा स्थित प्राचीन देवी धाम में बूढ़ी माता व माता कुदरगढ़ी की पूजा विधि विधान पूर्वक की गई। कुदरगढ़ी धाम में लगभग 250 वर्ष पूर्व ग्राम बैगा द्वारा प्रतिमा स्थापित कराया गया है। यहां सच्चे मन से मांगे जाने वाली हर मन्नत पूरी होती हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्राम वासियों से सहयोग राशि एकत्र कर उक्त स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया गया है। प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र एवं चैत्र नवरात्र में सभी ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर प्रांगण में पूजा हवन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। प्रतिमा स्थापित होने के बाद से गांव के ठाकुर परिवार के मुखिया एवं ग्राम बैगा द्वारा मंदिर में पूजा पाठ सम्पन्न कराया जाता है। विगत वर्ष परिवार के सदस्य तेजप्रताप सिंह द्वारा मंदिर में छाया प्रदान करने स्टेज व शेड निर्माण कराया गया है। प्राचीन काल से रास ढोडी से जल लेकर पूजा करने की परंपरा एवं मंदिर, तालाब में जल व्यवस्था का रास ढोडी साधन बना हुआ है। मंदिर के पुजारी ननकू सिंह ने बताया कि जो भी भक्त माता के दरबार में आता है कभी भी खाली हाथ नहीं जाता है। यहां भक्तों के इच्छा अनुरूप चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र पर्व में मनोकामना दीप भी प्रज्वलित कराए जाते हैं।



### चैत्र नवरात्रि पर देवी धामों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि पर कोयलांचल समेत आसपास इलाके में स्थित देवी धामों में सुबह से भक्तों ने पहुंचकर मत्था टेक विधिवत पूजा अर्चना की है। चैत्र नवरात्रि पर रविवार को क्षेत्र की आस्था की केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर नवरात्रि की शुरुआत की गई। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया माता की श्रृंगार के बाद पंचोपचार विधि से पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके पश्चात घी के 267 व तेल के 631 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए गए हैं। यहां पहली बार चैत्र नवरात्रि पर मेला का भी आयोजन किया गया है। चैत्र नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया है।



# विकराल बनी टाइगर रिजर्व की आग, 72 घंटे में झुलसा 45 किमी क्षेत्र का जंगल



**बिहारपुर।** गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य में लगी आग ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है तथा जंगल के लगभग 45 किमी क्षेत्र में फैल गई है। टाइगर रिजर्व का जंगल पिछले 72 घंटे से अधिक समय से जल रहा है।

टाइगर रिजर्व के जंगल स्थित आबादी क्षेत्र के कुछ गांवों में शनिवार को आग लगने के घटना हुई थी। इस आग को अभी बुझाया नहीं जा सका था कि शुक्रवार को ग्राम बैजनपाट के पूर्वी एवं ग्राम भुंडा के निकट जंगल में आग की लपटें उठने लगी। गर्मी व हवा के संपर्क में आग तेज गति से फैलने लगी। खाई व पहाड़ी का क्षेत्र होने के कारण वन कर्मियों ने आग को बुझाने की कड़ी मशक्कत की लेकिन जंगल के बड़े क्षेत्र में फैलने के कारण वन अमले को आग बुझाने में सफलता नहीं मिली। शुक्रवार एवं शनिवार को पूरी रात जंगल में आग की लपटे उठती रही। शुक्रवार की शाम जंगल की आग का धुआं आसपास के गांवों में भर गया। शनिवार को भी वनकर्मी पूरे दिन आग को नियंत्रित करने की मशक्कत करते रहे लेकिन आग को बुझाने में सफलता नहीं मिली। जंगल की आग पूर्वी बैजनपाट से लुल्ह, भुण्डा एवं कोरिया सीमा स्थित तेलाई पाठ तक फैल गई है। रविवार को जंगल की आग सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जंगल में पहुंच गई है। आग से जंगल के बड़े क्षेत्र के पेड़-पौधे, एवं विभिन्न प्रजाति की वनस्पतियां झुलस गई है। आग से वन्य जीवों के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। आग से वनस्पतियों के झुलसने के कारण वन्यजीवों को चारा संकट का सामना करना पड़ेगा। हालांकि अधिकारी 40 फीसदी वन क्षेत्र की आग को नियंत्रित करने एवं शेष जंगल की आग को शनिवार शाम तक बुझाने का दावा कर रहे हैं लेकिन आग लगातार बड़े क्षेत्र में फैलते जा रही है। जंगल की आग का धुंआ आबादी क्षेत्र में भरने के कारण लोगों को सांस लेने में समस्या हो रही है तथा लोगों को घुटन के साथ बेचैनी होने की समस्या उत्पन्न हो रही है। जंगल की आग को जल्द बुझाने में सफलता नहीं मिली तो वन्य जीवों के लिए खतरनाक स्थिति निर्मित हो सकती है। इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर सौरभ सिंह ने बताया कि जंगल के 40 फीसदी क्षेत्र की आग को बुझा दी गई है। आग को नियंत्रित करने परिक्षेत्र का पूरा अमला सक्रिय है तथा आग बुझाने की लगातार कोशिश की जा रही है।

### ट्रैक्टर लोडिंग के दौरान टायर के नीचे आया युवक, मौत

**डांडगांव।** रविवार दोपहर 3 बजे ग्राम सानी बर्रा के स्कूल ग्राउंड समीप खेत में जेसीबी के माध्यम से दो ट्रैक्टर लोडिंग किया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर मालिक का भतीजा सानी बर्रा निवासी ओमप्रकाश मरकाम आ. हीरालाल मरकाम (35 वर्ष) जेसीबी में बैठा था। जैसे ही ट्रैक्टर लोडिंग हुआ आगे बढ़ने से पहले जेसीबी से ट्रैक्टर ट्रॉली में जाने के पैर आगे बढ़ाया तभी ट्रैक्टर चालक द्वारा वाहन आगे बढ़ा दिया जिससे पैर ट्राली में न जाकर ट्राली के नीचे आ गया और सिर में ट्राली का टायर चढ़ गया और ओम प्रकाश का मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने उदयपुर पुलिस थाना को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे शव को पीएम के लिए सीएससी उदयपुर में रखवाया है।



# पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

पुलिस ने बंद खदान के पोखरी में मिली महिला की लाश के मामले की गुत्थी न सिर्फ सुलझा ली बल्कि महिला की हत्या करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रेम विवाह किए पति ने पत्नी की चरित्र शंका को लेकर न सिर्फ किराए के मकान में हत्या कर दिया था बल्कि साक्ष्य छिपाने के लिए लाश को बंद खदान के पोखरी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

- हत्या कर मृतिका को फेंका गया था बंद खदान के पोखरी में

पुलिस के मुताबिक 28 मार्च को बंद खदान के पोखरी में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। भटगांव पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। मृतिका के शरीर में चोट के निशान तथा लाश बंधे होने पर पुलिस ने हत्या करने की संभावना जताई और जांच शुरू कर दी। मृतिका की शिनाख्ती के लिए जिले के थानों को सूचना दिया। इसी बीच मृतिका की पहचान प्रतापपुर थाना से 25 मार्च को गुम इंसान संतोषी कश्यप (25 वर्ष) निवासी सरगीगुड़ा थाना देवभोग जिला गरियाबंद, वर्तमान पता ग्राम खोरमा-प्रतापपुर के रूप में हुई। मृतिका के पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका के मृत्यु का कारण हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना भटगांव में धारा 103, 238, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया। थाना भटगांव पुलिस ने विवेचना में पाया गया कि मृतिका का प्रेम विवाह वर्ष 2022 में राजेश चौधरी निवासी ग्राम केवरा के साथ हुआ था। डेढ वर्ष बाद इसका चचेरा भाई प्रमेन्द्र चौधरी द्वारा अपने साथ गुपचुप तरीके से ग्राम खोरमा में किराए का मकान लेकर मृतिका को रखा था। 25 मार्च को मृतिका के गुमशुदगी के संबंध में गलत हुलिया बताकर वास्तविक बातों को छुपाकर थाना प्रतापपुर में गुम इंसान दर्ज कराया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर प्रमेन्द्र चौधरी को पकड़ा। पूछताछ पर प्रमेन्द्र ने बताया कि वह संतोषी के चरित्र पर शंका के कारण उससे पीछा छुड़ाने के उद्धेश्य से 22 मार्च की रात उसके गले में कपड़े से बांधकर अपने किराए के मकान ग्राम खोरमा में हत्या कर दिया। हत्या करने के बाद अपने भाई राजू चौधरी को फोन कर बोला कि संतोषी बच्चे को छोड़कर कही चली गई है तब राजू अपने मॉ कलेश्वरी के साथ मोटर सायकल से पहुंचा, जहां संतोषी मृत पड़ी थी। प्रमेन्द्र और राजू दोनों लाख को कंबल में लपेटकर तीनों प्रमेन्द्र के मोटर सायकल में पहले ग्राम केवरा गए जहां कलेश्वरी को बच्चे के साथ उतार दिए और लाश छिपाने के लिए ग्राम कपसरा स्थित बंद महान 1 कोयला खदान के पोखरी पानी में डाल दिए और वापस आकर आस पड़ोस के लोगों को संतोषी कही चली गई है की झूठी जानकारी दिया। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर 2 बाइक मोबाईल जब्त कर आरोपी प्रमेन्द्र चौधरी आ. लालसाय चौधरी (22 वर्ष), राजू चौधरी आ. लाललाल (28 वर्ष) व कलेश्वरी चौधरी पति लालसाय (43 वर्ष) को ग्राम केवरा से गिरफ्तार किया है।

## परिक्षेत्राधिकारी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को बताया दूसरे क्षेत्र का

# चंपाजोर जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओड़गी जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना पर क्षेत्रवासियों में हड़कंप मच गया है। बाघ की मौजूदगी को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियों भी वायरल हो रही है जिसमें बाघ सड़क पार करते नजर आ रहा है। हालांकि वन अधिकारी वायरल वीडियों को दूसरे क्षेत्र का बता रहे हैं लेकिन जंगल में बाघ की मौजूदगी से इंकार नहीं कर रहे हैं।

वन परिक्षेत्र ओड़गी के जंगल गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व एवं संजय गांधी टाइगर रिजर्व में भ्रमण के दौरान अक्सर हिंसक वन्य जीव जंगल में पहुँच जाते हैं। कई बार ऐसा भी देखने को मिला है कि बाघ सूरजपुर एवं बलरामपुर वनमण्डल के विभिन्न जंगलों का भ्रमण करते हुए पलामू टाइगर रिजर्व तक का सफर करते हैं जबकि कई बार शिकार की खोज में सीमावर्ती जंगल में पहुंच जाते हैं तथा कुछ समय गुजारने के बाद वापस लौट जाते हैं। प्रायः हर साल टाइगर रिजर्व से सटे जंगलों में बाघ के मौजूद होने की सूचना मिलती है। शनिवार को सोशल मीडिया पर ओड़गी-बिहारपुर मार्ग पर चंपाजोर जंगल में सड़क पार करते एक बाघ दिख रहा है। वीडियों में बाघ के चंपाजोर जंगल में मौजूद होने की चर्चा क्षेत्र में जमकर हो रही है। वन अधिकारियों को जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना मिली तो वन अमला सक्रिय हुआ। वन अमले की जांच में अभी तक कहीं भी बाघ के मौजूद होने अथवा किसी मवेशी का शिकार करने की सूचना नहीं मिली है। बाघ एवं क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को विभाग ने मैदानी अमले को गंभीरता पूर्वक इसकी जांच करने एवं सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। वन अधिकारी जंगल में बाघ के मौजूद होने से इंकार नहीं कर रहे हैं तथा कह रहे हैं राष्ट्रीय उद्यान से सटा होने के कारण अक्सर जंगल में बाघ पहुंचते है तथा कुछ समय तक भ्रमण करने के बाद वापस लौट जाते हैं। वन अधिकारी सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों भी दूसरे क्षेत्र का बता रहे हैं। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मनोज गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियों की जांच करने मैं स्वयं बताए गए स्थल पर गया था। बिहारपुर-ओड़गी मार्ग स्थित चंपाजोर जंगल में वीडियों में दिखाई गई संरचनाएं उपलब्ध नहीं है। आसपास के ग्रामीणों ने भी जंगल में बाघ की हलचल होने एवं कहीं बाघ दिखने से इंकार किया है। जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना पर मैदानी अमले को सक्रिय किया गया है। स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जंगल में बाघ की मौजूदगी के कोई साक्ष्य अभी तक नहीं मिले हैं। जंगल में कहीं बाघ के पद चिन्ह नहीं मिले है। हालांकि जंगल में बाघ के मौजूद होने से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि जंगल में अक्सर बाघ की आवाजाही होती है।



30 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 3/30/2025 10:06 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय खेल कूद में बच्चों ने लिया हिस्सा

**बलरामपुर।** वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल जरहाडीह में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भगवती चरण उपाध्याय, विनय पाठक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, कबड्डी, कुर्सी दौड़, लंबी कूद सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया जबकि शेष सभी बच्चों को भी प्रोत्साहित करने सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सरस्वती शिक्षा केंद्र की सराहना की व बच्चों में इस केंद्र के माध्यम से देशभक्ति का जज्बा भरने की बात कही। इसके साथ ही इस दौरान जनपद सदस्य सत्येंद्र सिंह, जिला समन्वय कमली देवी, सह जिला समन्वयक नरेश लकड़ा, संकुल समन्वयक दिलीप गुप्ता के अलावा विभिन्न संकुल के दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### खेत में रखे जहर को खाकर बकरियों की मौत



**बलरामपुर।** खेत में रखे गये जहर को खाने से बकरा बकरियों की मौत हो गई। इस मामले में बकरी स्वामी ने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम भनौरा निवासी उपेन्द्र गुप्ता आ. लखन गुप्ता की पत्नी अपने बकरा बकरी को चराने के लिए लेकर घर से कुछ ही दूरी पर स्थित खेत में गई थी। बकरा-बकरी चरते हुए पड़ोस में मौजूद मोहर मार के खेत में चले गये। जब महिला को पता चला कि उसके बकरे दूसरे खेत में चले गए है तो महिला उन्हें वापस लेने गई लेकिन वहां मौके पर दो बकरी और एक बकरा मृत पड़े हुए थे। आस पास की जांच करने पर कीटनाशक फोरेट झर बरामद हुआ। जब महिला ने इस संबंध में खेत मालिक से बात की तो वह झगड़े पर उतारू हो गया। महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। जब बकरी मालिक पूछताछ के लिए खेत मालिक के पास पहुंचा तो उसने ग्रामीण से भी विवाद शुरू कर दिया। ऐसे में उपेन्द्र गुप्ता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** घर के सामने खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए मासूम की शहर के निजी अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम तुलसी निवासी समीर सिंह आ. जोखू प्रसाद सिंह (1 वर्ष) आज सुबह घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान पास के ही गांव के ही ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मासूम को टक्कर मार दी जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन बालक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### हत्या के मामले में आरोपी पिता गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुत्र की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार उदयपुर थाना के केदमा चौकी अंतर्गत ग्राम पेंडरखी निवासी मदन साय मझवार ने घर में सो रहे बड़े बेटे धन सिंह को महुआ बीनने के लिए



बोलते हुए उठा रहा था। जब युवक सोकर नहीं उठा तो आक्रोशित पिता ने घर के अन्दर रखे फावड़ा से धन सिंह मझवार के सिर पर वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में आरोपी की पत्नी डोंगरी बाई द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई। इस मामले में पुलिस ने पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया किया जबकि आरोपी 47 वर्षीय मदन सिंह मझवार आ. मुडरा मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी मदन सिंह मझवार को बीएनएस की धारा 103 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना उदयपुर से उनि सहदेव राम बर्मन, सउनि वरदान लकड़ा, प्रधान आरक्षक संजय नागेश, चौकी केदमा से प्रधान आरक्षक कृष्णपाल सिंह, आरक्षक मुनेश्वर पैकरा सक्रिय रहे।

## शरीर पर मिले चोट के निशान, परिजन ने लगाया मारपीट करने का आरोप

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- दो दिन पूर्व परिजन ने कराया था भर्ती, जांच में जुटी पुलिस

मंडी रोड स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में उस समय हड़कंप मच गया जब दो दिन पहले ही दाखिल हुए युवक की संदिग्ध हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक की मौत हो जाने तथा शरीर में चोट के निशान पाए जाने पर परिजन ने मारपीट करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। परिजन का आरोप है कि युवक को जब नशा मुक्ति केन्द्र में दाखिल कराया गया था तब वह स्वस्थ था। परिजन ने मामले की जांच किए जाने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है।

जिले के मंडी रोड किनारे शासन से मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति केंद्र संचालित है। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्र से नशे की आदी युवकों को रख कर उपचार किया जाता है। दो दिन पूर्व ही नशे के आदी गोविंदपुर निवासी विजय बघेल को परिजन ने उसके नशे की लत छुड़ाने के लिए दाखिल किया था। आज सुबह युवक की अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर संस्था के कर्मचारी युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर नशा मुक्ति केंद्र में हड़कंप मच गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने नशा मुक्ति केंद्र में पहुंच जमकर हंगामा मचाया तथा मृतक के शरीर में चोट के निशान देख मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजन का आरोप है कि जब विजय बघेल को नशा मुक्ति केन्द्र में दाखिल कराया गया था तो वह पूरी तरह से स्वस्थ था। लेकिन दो दिन बाद अचानक खबर मिल आई की उसकी मौत हो चुकी है। परिजन का आरोप है कि मृतक के शरीर में कई जगह चोट के निशान है जो मारपीट करने को दर्शाता है। मृतक की पत्नी वर्षा बघेल सहित परिजन ने केंद्र प्रबंधन पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि हमने अपने बेटे को इलाज के लिए भेजा था, न कि मौत के मुंह में धकेलने के लिए। मृतक के साले रितेश कुमार ने बताया कि जब उन्होंने विजय को केंद्र में छोड़ा था तब उसके शरीर पर कोई भी चोट नहीं थी। अब दो दिन बाद शरीर पर गहरे घाव और खून के धब्बे के निशान है। बहरहाल परिजन ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



मंदिर रोड स्थित नशामुक्ति केन्द्र, इनसेट में मृतक।

### सुर्खियों में रहा है नशा मुक्ति केन्द्र

मंडी रोड स्थित नशा मुक्ति केन्द्र किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। नशा मुक्ति केन्द्र की यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशा मुक्ति केन्द्र में पहले भी दाखिल लोगों के साथ दुर्व्यवहार और लापरवाही की शिकायत सामने आई है। हैरानी की बात तो यह है कि नशा मुक्ति केन्द्र की शिकायत होने के बावजूद आज तक प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### परिजन ने थाने में की शिकायत

नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर परिजन ने प्रबंधन पर लापरवाही बरते तथा मृतक के साथ मारपीट करने आरोप लगाया है। परिजन ने मृतक शरीर में चोट के निशान पाए जाने पर घटना की शिकायत कोतवाली में की है। साथ मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### नहीं की गई है मारपीट

नशा मुक्ति केन्द्र के वाडन राम लाल यादव ने बताया कि जब युवक को केन्द्र में लाया गया था तब वह नशे की हालत में था। युवक काफी नशे में था और कई बार गिर चुका था। युवक के साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई है। शरीर में जो चोट के निशान है वह संभवतः गिरने के कारण आई होगी। रात में युवक की हालत काफी बिगड़ गई थी और जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी उसकी मौत हो गई।

### पीएम के बाद स्पष्ट होगा मौत का कारण


युवक की मौत मारपीट से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह का पता लग सकेगा।

-डॉ. स्वप्रिल गुप्ता

### मिली है शिकायत

युवक की मौत होने पर परिजन ने घटना की शिकायत की है। परिजन की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-विमलेश दुबे
कोतवाली प्रभारी



# राम मंदिर में श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

श्याम परिवार द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित प्राचीन राम मंदिर में श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दो दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर चर्चा की गई।

नगर में आयोजित हो रहे श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर रामानुजगंज सहित आसपास के गांव एवं पड़ोसी राज्य के सरहदी क्षेत्र के लोगों में भी भारी उत्साह देखते बन रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पहली बार नगर में श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम ध्वजा यात्रा महोत्सव आयोजन के पहले दिन के 10 अप्रैल श्याम भजन यात्रा निकाली जाएगी वहीं दूसरे दिन देश के नामचीन भजन गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में दो दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों को जिम्मेवारी भी बाटी गई। बैठक में अजय गुप्ता,अजय केशरी, पिंटू गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रतीक सिंह, आशीष गुप्ता, मनीष अग्रवाल, डॉ. राकेश गुप्ता, संतोष केसरी, ओम जायसवाल, मुकेश केसरी, आलोक केसरी, अनूप गुप्ता, रूपेश केसरी, सुमित गुप्ता, बहादुर सिंह, जय गुप्ता, शिवम गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, रवि रंजन पाल, अजीत अग्रवाल पीयूष गुप्ता, बंटी अग्रवाल, बिट्टू गुप्ता, संदीप अग्रवाल, धर्म प्रकाश केशरी, अंकित गुप्ता, मनोज गुप्ता, बिट्टू चौबे, पप्पू गुप्ता, लड्डू केशरी, सत्यम गुप्ता, सूरज मित्तल, निखिल सोनी सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# भू-विस्थापितों का मुख्यालय में रैली- प्रदर्शन कल

**बिश्रामपुर।** रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास से जुड़ी विभिन्न मांगो को लेकर 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर घेराव व आक्रोश रैली कर सीएमडी दफ्तर का तालाबंदी का एलान किया गया है।इसमें बिश्रामपुर क्षेत्र समेत गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के कोयला खदानों के अलावा रायगढ़, चिरमिरी, भटगांव, बैकुंठपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में भू विस्थापित ग्रामीणजन शामिल होंगे। इसकी तैयारी के लिए सभी जगहों में बैठकों का दौर जारी है। उक्ताशय की जानकारी आंदोलन के संयोजक तिरिथ केशव ने दी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस दीपका क्षेत्र अंतर्गत हरदीबाजार में खदानों से प्रभावित ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जिसमें भूविस्थापितों के अधिकारों के हनन और शोषण के खिलाफ में प्रस्ताव लिया गया और 1 अप्रैल को सीएमडी कार्यालय एसईसीएल मुख्यालय में आक्रोश रैली करने तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।

इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए एसईसीएल के सभी क्षेत्रों से अपने अधिकार पाने के लिए भटक रहे पीड़ति ग्रामीणों को एकजुट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया पालिसी से रोजगार में कटौती, मुआवजा में कटौती, जमीन को बंधक बनाकर रखने, आउटसोर्सिंग कंपनी में बाहरी लोगों की भर्ती, स्थानीय ठेका कामगारों के सुविधा में कटौती, प्रभावित क्षेत्र के सामुदायिक विकास की अनदेखी के खिलाफ संघर्ष छेड़ी जा रही है।

# बाइक लूट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बतौली पुलिस ने बाइक लूट के मामले में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर धरमपुर निवासी मन्नू राम 20 दिसम्बर को अपनी बाइक सीटी 100 वाहन क्रमांक सीजी 15 ईबी 5419 से बतौली की ओर जा रहा था। इस दौरान शाम 5 बजे बतौली देवरी मोड़ के पास बाइक टीवीएस रेडर क्रमांक सीजी 15 एडी 4458 के चालक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार युवकों ने मन्नू राम के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर बाइक लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस शिकायत के बाद पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लूट व घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया था जबकि मामले में एक अन्य आरोपी फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लुंड्रा बगरीडीह पार्वतीपुर निवासी 28 वर्षीय शत्रुधन पैकरा आ. बालम साय पैकर को बतौली के ग्राम सिलमा से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को बीएनएस की धारा 296, 351, 115 (2), 309 (3)(5) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुमन कुजूर, आरक्षक आनंद, संतोष बरवा, सुल्तान अहमद, राजेश खलखो, भगलू राम सक्रिय रहे।





## रामगढ़ मेला आयोजन को लेकर बैठक

**उदयपुर।** रामगढ़ में आज विधायक राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित दस दिवसीय विशाल मेला कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की प्रमुख व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। जिनमें समिति की सुचारू व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, निर्बाध बिजली व्यवस्था, भंडारा संचालकों के लिए आवश्यक सुविधाएं, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाएं, एंबुलेंस व्यवस्था और पुलिस नियंत्रण कक्ष की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। विधायक ने सभी समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का प्रेमपूर्वक स्वागत करें और उनके साथ सद्व्यवहार बनाए रखें। श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य राधा रवि, जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, एसडीएम बान सिंह नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, रामगढ़ समिति के सदस्य, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**।। उद्घोषणा।।**

सर्व साधारण ग्रामवासी सोहागपुर प.ह.नं.21 तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार आ. शिवदास जाति नाई निवासी ग्राम सोहागपुर पोस्ट करंजी थाना बिश्रामपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पुत्र हरखु ठाकुर के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक. 03/04/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

## मोबाइल फोन लूटकर फरार बाइकर्स

**अंबिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम गुतुरमा निवासी अमन गुप्ता 29 मार्च को किसी काम से बाजारडांड की तरफ आया हुआ था। इस दौरान उसके साथ एक छोटी बच्ची भी मौजूद थी। युवक के मोबाइल फोन की घंटी बजी तो वह बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर बात करने लगा इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और झपट्टा मारकर युवक का मोबाइल फोन लूट लिया। इससे पहले की युवक कुछ समझ पाता लुटेरे बाइक से फरार हो गए। इस घटना के बाद युवक ने मामले की शिकायत सीतापुर थाने में की है। पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के बाद आरोपियों के भागने का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मोबाइल फोन लूट के मामले में आरोपियों की पहचान की जा रही है। मामले में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा)
टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
छाती में भारीपन और सांस फूलना
छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
खांसी में खून आना

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600 आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। पेशाब में जलन। प्रोस्टेट बढ़ जाना। पेशाब बार-बार होना। किडनी, पेशाब थैली। पेशाब बूंद-बूंद पर होना। गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी। पेशाब के रास्ते का छोटा होना। पेशाब की धार न बनना, इत्यादि। अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

अब आपके शहर अम्बिकापुर में
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन - शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी.
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टेण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद


ईद-उल-फितर की मुबारकबाद
समीम खान
पार्षद
वार्ड क्र. 06, नगर पंचायत लखनपुर


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
शफी अहमद
नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
इम्तियाज ऑटो गैरेज
3D एलायमेंट सेंटर
खरसिया नाका, अम्बिकापुर
मो.- 9826143036
मो. इम्तियाज



ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
100% कम्युनिकेशन सोल्यूशन
कम्युनिकेशन सर्विस सेंटर
मुमताज अहमद
ग्रामीण बैंक के पास, नावापारा, अम्बिकापुर मो. 98261-93744


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
ईरफान सिद्दीकी
उपाध्यक्ष
प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ (छ.ग.)


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
ग्लोबल
फर्नीसिंग
सफदर अली
मेन ब्रांच स्टेट बैंक गली, रसूलपुर अम्बिकापुर
मो. 8770487040, 9425254476


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
नुरुल हक
मे.राजधानी फ्यूल्स, अम्बिकापुर


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
मो. फिरोज ईदरिसी
अम्बिकापुर


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
रशीद अहमद अंसारी
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग
सरगुजा, अम्बिकापुर


ईद-उल-फितर
की मुबारकबाद
Sure Smile
Dental Clinic & Orthodontic Centre
आपकी मुस्कान हमारी पहचान
Since 2009
ISO 9001-2015
मनुष्य के एक दांत की कीमत एक हीरे से कही ज्यादा है
श्योर स्माइल
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्डिक सेंटर
मो. 09179880085, 09407995721
डॉ. ए.के. दुबे
बी.डी.एस (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन एम.बी.ए.
(अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि नं.- 277/A
Email : anujdubey@gmail.com
डॉ. अंकित दुबे
बी.डी.एस (ग्वालियर) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि नं.- CGDC/G/20/3345
Email : dankit040@gmail.com
पता - मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.), समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद


ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
मो. फारूख ईदरिसी
पूर्व पार्षद
न.पा.नि. अम्बिकापुर
मो. बाबर ईदरिसी
पार्षद
न.पा.नि. अम्बिकापुर
फौजिया नाज ईदरिसी
पूर्व पार्षद
न.पा.नि. अम्बिकापुर


ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
यूनिक कलेक्शन
यूनिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल
रशीद बस सर्विस
अम्बिकापुर मो.- 8085583100
UNIQUE COLLECTION
एफ.डी. खान
मोनू खान

30 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/30/2025 10:09 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### वारुणी महामेला में कैबिनेट मंत्री ने की संध्या आरती

**बिश्रामपुर।** श्री हरिश्चंद्र ठाकुर का 214 वें जन्म महोत्सव वारूणी महामेला के चौथे दिन सुबह 8 से लेकर रात 9 बजे तक सभी हरि भक्ति द्वारा भजन कीर्तन किया गया। जिसमें सभी क्षेत्र से हरि भक्त पहुंचे थे। रात में जय माता दी जागरण ग्रुप कोतमा के सचिन तिवारी टीम द्वारा मनमोहक जागरण की प्रस्तुति दी गई। जागरण कार्यक्रम में समाज कल्याण एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी पहुंची थीं। यहां पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हरि भक्तों के साथ मंदिर में दीप प्रज्वलित कर संध्या आरती की। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष संदीप सरकार एवं हरि भक्त की मांग पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने श्री हरिश्चंद्र ठाकुर के मंदिर परिसर में मंच के माध्यम से सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की गई।

### नमो नमो संगठन के चंदन जिलाध्यक्ष नियुक्त

**बिश्रामपुर।** नमो नमो संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्रमोदी द्वारा ग्राम सतपता



बिश्रामपुर निवासी चन्दन गुप्ता को सूरजपुर का संगठन जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।साथ ही नियमानुसार संगठन को मजबूत कर दायित्वों का निर्वहन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### स्थानांतरित रेलवे के कल्याण निरीक्षक को दी गई विदाई



**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंबिकापुर अनूपपुर सेक्शन में पिछले पांच वर्षों से पदस्थ कल्याण निरीक्षक जयप्रकाश सिंह का गत दिनों बिलासपुर तबादला हो गया, उनके सम्मान में मजदूर कांग्रेस कार्यालय बिश्रामपुर में स्थानीय रेल कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी है।इस अवसर पर उपस्थित रेल कर्मियों ने कल्याण निरीक्षक के कार्यकाल व व्यवहार की सराहना कर उन्हें कुशल अधिकारी निरूपित कर कहा कि सिंह के कार्यकाल में रेलवे कर्मचारियों की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान उनके प्रयासों से तत्काल हो जाता था।इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें शॉल ,श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।आयोजन में रेलवे मजदूर कांग्रेस के शाखा सचिव पप्पू सिंह, डीके पॉल,मनी लाल राजवाड़े,स्टेशन मास्टर अजय राम,रघुनाथ शाह,रविकांत कुमार,राजीव रंजन तिवारी,शंभु शरण पांडेय,अभिलाष कुमार,अरुण राजवाड़े एवं आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित थे।

### जामा मस्जिद में किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर जगह जगह इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के जामा मस्जिद में अलविदा जुमा के अवसर पर शुक्रवार को पेश इमाम अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के साथ ही विभिन्न धर्म समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान रवि सिद्धू, करन सिद्धू , सरताज सिद्धू ,शैलेंद्र भारती, अब्दुल लतीफ़, परवेज आलम गांधी, अफजाल अंसारी, याकूब खान, अमीर अंसारी, साकिब सिद्दीक़ी, सूफियान सिद्दिकी, बाबू खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विनोद बने सीतापुर पटवारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष



**अंबिकापुर।** विगत दिनों सीतापुर विश्राम गृह में राजस्व पटवारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से पटवारी संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सीतापुर मुख्यालय के पटवारी विनोद यादव को संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष फैयाज अंसारी, अंजली पैंकरा, सचिव राजकपूर सिंह, नवीन पैंकरा एवं कोषाध्यक्ष संदीप कुमार बनाये गए। संगठन प्रभारी हरिश्चंद्र सोनी, सुधीर सिंह, प्रवक्ता गोपाल सोनी, अनिरुद्ध पैंकरा एवं मीडिया प्रभारी मनोज सिंह एवं जितेंद्र पैंकरा को बनाया गया। इस अवसर पर श्याम नारायण सिंह, मुनेश्वर टोप्पो, चंद्रशेखर पैकरा एवं अन्य पटवारी उपस्थित थे।

## मशीनों की क्षमता में विस्तार कर नये सिरे से किया गया स्थापित

# सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अब ले रहा उद्योग का स्वरूप






सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के भिट्ठीकला में स्थापित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अब वृहद रूप ले चुका है। शहर से आने वाले गीले और सूखे कचरे को संधारित करने के लिए अब बड़े पैमाने पर मशीनों की स्थापना की गई है जिससे ये प्लांट अब उद्योग में तब्दील हो गया है। प्लांट में अब पहले से बड़े पैमाने पर ना सिर्फ प्लास्टिक कचरे व सभी प्रकार के ठोस कचरे का निपटान किया जा रहा है जबकि गीले कचरे से खाद तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही इस प्लांट को अब पार्क का रूप प्रदान कर दिया गया है जहां लोग घूमने भी जा सकते है। इस प्लांट के माध्यम से महिलाओं और पुरुषों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए है वे कचरे से कमाई कर रहे है।

**खास बात**
- सड़को और नालियों से आने वाले कचरे का भी किया जा रहा है निपटारा

बता दें कि शहर के में डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के तहत लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे के निपटान हेतु एसएलआरएम सेंटर स्थापित किए गए है जहां स्वच्छता दीदियों द्वारा लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर छंटाई की जाती है और अलग अलग प्रकार के सूखे कचरे को पृथक कर उनकी बिक्री की जाती है इसके साथ ही गीले कचरे से खाद बनाया जाता है। वहीं शहर में नगर निगम द्वारा सडकों पर भी साफ सफाई और झाड़ू लगवाने का काम कराया जाता है। समय समय पर नालियों की सफाई होती है और सड़क और नालियों से निकलने वाले इस कचरे को भी शत प्रतिशत का भी संधारण किया जाता है। इस कचरे के निपटान हेतु भिट्ठीकला में एक सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की गई है। इस प्लांट में नगर निगम द्वारा विशाल ट्रामेल की स्थापना की गई है। यहां नालियों और सडकों से आने वाले गीले कचरे को सुखाने के बाद कचरे को मशीन में डालकर छांटा जाता है। मशीन में 70 एमएम में पत्थर, बोल्डर व बड़े आकर के कचरे अलग होते है इसके बाद 30 एमएम में पन्नी, कांच, ढक्कन, मिट्टी अन्य कचरा अलग हो जाता है है। कचरा अलग होने के बाद लगाए गए फटका मशीन में प्लास्टिक पर चिपकी हुई गंदगी और कचरे को साफ कर लिया जाता है।

### बड़े पैमाने पर बना रहे प्लास्टिक दाना

बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में प्लास्टिक कचरे से दाना बनाने का काम सबसे महत्वपूर्ण है। सेनेटरी पार्क में आग लगने के बाद इस प्लांट को एक साल से बंद कर दिया गया था। अब नए सिरे से इस प्लांट को भी उठाकर भिट्ठीकला में स्थापित कर दिया गया जहां रीसाइकिल होने वाले हार्ड एवं सॉफ्ट प्लास्टिक रैपर से दाना बनाया जा रहा है और इस प्लास्टिक दाना की बिक्री प्लास्टिक उत्पाद निर्माताओं को की जा रही है। वहीं सड़कों, नालियों और एसएलआरएम सेंटरों से ऐसे प्लास्टिक भी आते है जो नॉन रिसाइकिल होते है। इन प्लास्टिक कचरों को ईंधन के रूप में उपयोग करने के लिए आरडीएफ प्लांट की स्थापना की गई है। नॉन रिसाइकिल प्लास्टिक को को सीमेंट प्लांट भेजने के लिए आरडीएफ प्लांट में हार्ड प्लास्टिक की पहले श्रेडिंग केतु श्रेडर मशीन, बेलिंग मशीन, प्लास्टिक फटका मशीन लगाया गया है जिससे उच्च गुणवत्ता का आरडीएफ प्लास्टिक तैयार किया जा रहा है, जो सीमेंट प्लांट में ईंधन के रूप में उपयोग हेतु विक्रय किया जा रहा है।

### खाद हेतु बनाए गए पिट

नगर निगम द्वारा शहरों से निकलने वाले सूखे कचरे के अलावा सड़कों से एकत्रित किए जाने वाले गीले कचरे के निपटान हेतु व्यवस्था की गई है। गीले कचरे के निपटान हेतु कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया गया है। खाद बनाने के लिए प्लांट की क्षमता में विस्तार किया गया है। पिट में कचरे को डालकर जैविक पद्धति से खाद बनाया जा रहा है। खाद छानने के बाद बचे हुए गीले कचरे के निपटान हेतु पुनः विंड रो कम्पोस्टिंग हेतु ड्राइंग प्लेटफॉर्म, ट्रामेल स्क्रीन की स्थापना की गई है। कचरा प्रोसेसिंग की क्षमता वृद्धि हेतु मशीनरी के उपयोग से प्रतिदिन उत्पन्न एवं संग्रहण होने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन में काफी सुगमता सुनिश्चित हुई है।

### किया गया सौन्दर्यीकरण

नगर निगम द्वारा भिट्ठी कला के सॉलिड वेस्ट प्लांट का का सौन्दर्यीकरण किया गया है। नये सिरे से परिसर में उद्यान का निर्माण करने के साथ ही वाल पेंटिंग व कबाड़ से अनेकों आकर्षक कलाकृतियाँ बनाई गई है। इसके साथ ही इसी परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट भी संचालित है जहां जिले भर से आने वाले मेडिकल वेस्ट, सेनेटरी पैड, इंजेक्शन सीरिंज, कांच की शीशियां सहित अन्य मेडिकल वेस्ट का निपटान किया जा रहा है।

### किया गया है व्यवस्थित

भिट्ठीकला का प्लांट बंद पड़ा हुआ था। प्लांट को नए सिरे से व्यवस्थित कर शुरू किया गया है। इसका फायदा हमें स्वच्छ सर्वेक्षण में भी मिलेगा और प्लास्टिक कचरा के साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कारगर साबित होगा।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि

## हवन पूजन व शस्त्र प्रदर्शन के साथ नगर में निकली राम-जानकी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर नगर में राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका कई जगहों पर लोगों द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा निकलने से पूर्व अयप्पा ग्राउंड में धर्म सभा आयोजित हुई।

इसके पूर्व हवन पूजन के बाद आर्य गुरुकुल शक्ति से पहुंचे बच्चों ने शस्त्र कला का प्रदर्शन किया।इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक राजकुमार भैया ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए हिन्दू नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा की उपस्थित जनों को महत्व बताया और कहा कि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार लोकपालक श्री हरि विष्णु ने सृष्टि के प्रथम जीव के रूप में इसी दिन मत्स्य अवतार लिया था। त्रेता युग में लंका विजय के बाद अयोध्या में मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम का राज्याभिषेक इसी शुभ दिन हुआ था।द्वापर काल में महाभारत के युद्ध में विजय के उपरांत धर्मराज युधिष्ठिर भी इसी दिन राजगद्दी पर बैठे थे।कालांतर में इसी विशेष तिथि को ही सिंधी समाज के महान संत झूलेलाल का जन्म हुआ था,जो वरुण देव के अवतार माने जाते हैं।इसी दिन छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगल आक्रांताओं को परास्त कर भगवा विजय ध्वज लहराकर हिंदवी साम्राज्य की नींव रखी थी।सामाजिक आडंबरों का विनाश करने के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना चैत्र प्रतिपदा तिथि को ही की थी।देश की एकता अखंडता एवं एकात्मकता के संरक्षण के लिए आरएसएस की स्थापना करने वाले डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी दिन हुआ था।उन्होंने बताया कि चैत्र प्रतिपदा तिथि से मौसम में भी परिवर्तन का अहसास होता है।नवरात्र के प्रथम दिवस शक्ति की उपासना का पर्व शुरू होता है।उन्होंने उपस्थित जनों को वर्ष प्रतिपदा की बधाई देते हुए सभी को राष्ट्र सेवा में जुटने का आह्वान किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं भाजपा से जुड़े पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।सभा के बाद अलग अलग रथ में सवार होकर राम दरबार सहित दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल, नव वर्ष आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने नगर में भव्य रैली निकाली, जो नगर का भ्रमण करते हुए जिला मुख्यालय सूरजपुर की तरफ बढ़ी।



### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रवण तिर्की नामक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त तातापानी निवासी 21 वर्षीय श्रवण तिर्की को बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64(1) व 4 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



### विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की आतिथ्य में बैडमिटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कुसमी।** सेमरा में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनी निकुंज की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ विधायक व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। पिछले वर्ष 24 अगस्त को बैडमिंटन कक्ष का लोकार्पण सामरी विधायक द्वारा किया गया था। विधायक, एसडीएम करुण डहरिया एवं हिंडालको प्रबंधक संजय पार्थी के सहयोग से बैडमिंटन कक्ष में संभागीय स्तर का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 60 टीमें भाग ली है जिसमें सरगुजा संभाग से 50 टीम भाग लिए है तथा कुसमी की 10 टीम शामिल है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनी निकुंज द्वारा 51 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए है वहीं द्वितीय पुरस्कार 31 हजार व 21 हजार एवं 11 हजार की राशि से बैडमिंटन खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, हरीश मिश्रा, तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक पांडेय, नायब तहसीलदार विजय शर्मा, संजय पार्थी, सुदर्शन उरांव, अरविंद विश्वकर्मा, नेता केदार गुप्ता, राकेश भारती, लक्ष्मण पैकरा, रमेश गुप्ता, जावेद रहमानी, अर्जुन यादव, इंद्रदेव, राजेश्वर गुप्ता, विकेश साहू, माधुरी लकड़ा, संजय गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने 28 मार्च को पुलिस से शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने बलरामपुर के डूमरखोर निवासी उमेश कोडाकू के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया। इस दौरान पूछताछ में नाबालिग ने शादी का झांसा देकर अपने घर ले जाने और जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा 19 वर्षीय उमेश कोडाकू आ. बिपता कोडाकू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 137(2), (2) व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## चेरवा समाज ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंगचोरा हाई स्कूल ग्राउंड में राज्य स्तरीय चेरवा समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चेरवा समाज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने चेरवा समाज के सौ लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही समाज के लोगों नशा मुक्ति का संकल्प लिया। वहीं समाज द्वारा छात्रों के साथ न्योता भोज कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। चेरवा समाज के लोगों हेतु तीन पंचायत में सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत परसागुड्डी, सिंगचोरा, और चिलमाकला में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगी जब समाज के लोग शिक्षा व रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। चेरवा समाज के लोग नशा मुक्ति का आज से संकल्प ले की आज के बाद चेरवा समाज के लोग नशा को भगाएंगे और अपने काम को लगन के साथ करेंगे। मंच का संचालन जेआर सोनवानी ने किया। इस दौरान समाज के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण चेरवा, जिला अध्यक्ष करामदायल रक्सौल, संरक्षक टेकचंद रक्सौल, मानस राज कन्हैया, महेंद्र सर्जन जिला अध्यक्ष सरगुजा, विश्वनाथ बरोडीया, सुखसागर, विमल चंद चेरवा जिला अध्यक्ष कोरिया, पुष्पा सर्जन अध्यक्ष महिला कोरिया,जानू राम सोनवानी, देवलाल चेरवा, विष्णु बैगा, मेघनाथ चेरवा,विश्वनाथ, राम, सकल नारायण, आदि सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग थे।

- विधायक ने 100 लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता





## महिला एवं बाल विकास मंत्री के सम्मान में बना रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने प्रदेश की महिलाओं ने एक अनोखा रिकॉर्ड स्थापित किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सम्मान में टच वुड वुमन एंपावरमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण का महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं ने एक साथ साथ रैंप वॉक किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण थीम पर खास परिधानों में प्रस्तुति दी, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम में महिलाओं ने यह साबित किया कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है, बल्कि वे एकजुट होकर अपने समाज की सशक्त छवि को विश्व पटल पर स्थापित करने में सक्षम हैं। कार्यक्रम में आयोजकों ने कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सादगी, उनके संघर्ष एवं कड़ी मेहनत से कम उम्र में प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने की सराहना की तथा महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, पायल सिंह, पार्षद श्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## चार भैंसा चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

घर के गौ शाला में बंधे चार नग भैंसा चोरी करने वाले एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।



जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी प्रार्थी रामप्रताप सिरदार पिता कृष्णा सिरदार के घर स्थित गौ शाला में दो भैंसा को अज्ञात चोरों द्वारा 28 व 29 मार्च की दरम्यानी रात में चोरी कर लिया गया था। अगले दिन सुबह जब प्रार्थी उठकर देखा तो उसके भैंसा चोरी हो जाने की जानकारी लगी।हल्ला होने के दौरान प्रार्थी के पड़ोसी बनस सिरदार ने बताया कि उसके घर से भी दो भैंसा को किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पतासाजी के दौरान ग्राम सुरता निवासी रिश्तेदार जुगेश्वर सिरदार ने बनस सिरदार को बताया कि अभी कुछ लोग चार भैंसा बेचने को आए थे।पूछने पर पता चला कि चार भैंसा को बेचने हेतु पोड़ी जंगल में रखा गया है। सूचना मिलते ही प्रार्थी रामप्रताप सिरदार व बनस सिरदार अन्य ग्रामीणों के साथ पोडी जंगल गए तब वहां पर कार सवार अज्ञात दो लोग पहुंचे। इस दौरान प्रार्थी ग्रामीण ने अपने भैंसा को देखकर जयनगर थाना लाने की बात कहा तब एक आरोपी मौके से भाग निकला और एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। तभी मौके पर सुरता सरपंच भी पहुंच गया और उसने मामले की जानकारी तत्काल रामानुजनगर पुलिस को दी। घटना स्थल जयनगर थाना होने की वजह से एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर चार भैंसा के साथ पकड़े गए एक आरोपी को जयनगर थाना भेज दिया गया। मामले में पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने खुद को ग्राम कैलाशपुर निवासी घनश्याम राजवाड़े बताया है और पिछले कुछ महीनों से ग्राम रतनपुर में ही रहने की बात पुलिस को बताई है। पकड़े गए आरोपी घनश्याम राजवाड़े ने चोरी की घटना को अपने सहयोगी नरेश राजवाड़े व अन्य लोगों के साथ मिलकर अंजाम दिए जाने की बात भी स्वीकारी है। मामले में पुलिस ने आरोपी घनश्याम राजवाड़े के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत कार्यवाही करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।पुलिस द्वारा मामले में फरार अन्य आरोपियों की भी तलाश शुरू कर दी है।

- फरार की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411